# कार्यालयः— असैनिक शल्य चिकित्सक —सह— मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

## अनुबंध बैकलॉग नियुक्ति संबंधी विवरणी

## राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन अन्तर्गत संविदा आधारित पदों पर नियुक्ति हेतु विज्ञापन

विज्ञापन संख्या :— 02/2021 विज्ञापन तिथिः— 12.11.2021

अभियान निदेशक झारखण्ड ग्रामीण स्वास्थ्य समिति राँची के ज्ञापांक 2463 (MD) दिनांक 24.08.2021 के आलोक में राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य समिति पूर्वी सिंहभूम जिला के अन्तर्गत संविदा के आधार पर निम्नांकित अनुबंध बैकलॉग पदों के लिए वांछित योग्यता एवं अर्हता रखने वाले अभ्यर्थियों से नियुक्ति हेतु आवेदन आमंत्रित किया जाता है। संविदा आधारित नियुक्ति हेतु अर्हता एवं आरक्षण कोटिवार रिक्तियों की विवरणी निम्नवत है।

| क्र0 सं0 | कार्यक्रम | पद का नाम | कोटिवार रिक्तियाँ | | | | | | | क्षैतिज आरक्षण के अन्तर्गत प्रवर्ग कोटि का विवरण | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | | | | | | | दिव्यांग | | | |
| | | | कुल रिक्त पद | अनारक्षित | अ0पि0वर्ग (अनु0—1) | पि0वर्ग (अनु0—2) | अ0जा0 | अ0ज0जा0 | आदिम0जा0 | महिला | दृष्टि निःशक्त (क) | श्रवण निःशक्त (ख) | चलन निःशक्त (ग) | स्वलीनता, बौद्धिक निःशक्तता एवं निः शक्तता (घ) |
| 1 | RCH | ANMs | 99 | 0 | 18 | 16 | 10 | 54 | 1 | - | 1 | 1 | 1 | 1 |

2. चयन हेतु आयु सीमा की गणना 01 नवम्बर 2021 से की जायेगी।
आयु सीमा कार्मिक प्रशासनिक सुधार तथा राजभाषा विभाग, झारखण्ड रॉची के ज्ञापांक 15/नीति नि0—07—04/2015 का0 29/रॉची, दिनांक 04.01.2021 के आलोक में निम्नवत है :—

| क्र0 | कोटी | न्युनतम आयु सीमा | अधिकतम आयु सीमा | दिव्यांगो के लिए अधिकतम आयु सीमा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सामान्य | 21 | 35 | 45 |
| 2 | पिछड़ा वर्ग 1 एवं पिछड़ा वर्ग 2 | | 37 | 47 |
| 3 | अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति— पुरूष एवं महिला | | 40 | 50 |
| 4 | महिला —सामान्य वर्ग, पिछड़ा वर्ग एवं अत्यन्त पिछड़ा वर्ग | | 38 | 48 |

3. **चयन की शर्ते :—**

1 संविदा के आधार पर स्वीकृत मानदेय के विरूद्व उन्हें कार्य करने हेतु अनुबंधित किया जायेगा।

2 उपरोक्त सभी पदों में जिला स्तरीय आरक्षण रोस्टर अनुमान्य होगा।

3 संविदा एक वर्ष के लिए अनुमान्य होगी, आवश्यकतानुसार इसे एक—एक वर्ष पर Annual Performance Appraisal के आधार पर बढायी जा सकती है।

4 चयनित अभ्यर्थियों द्वारा समर्पित प्रमाण पत्रों के गलत पाए जाने की सूचना प्राप्त होने पर उसकी जाँचो उपरांत गलत पाए जाने पर संबंधित कर्मियों का अनुबंध तत्काल प्रभाव से रद्द कर कानूनी कार्रवाई करते हुए भुगतेय मानदेय की वसुली भी नियमानुसार की जाएगी।

5 संविदा के आधार पर अनुबंधित कर्मियों को एक माह की नोटिस अथवा एक माह का अग्रिम मानदेय देकर अनुबंध समाप्त किया जा सकता है।

6 एक से अधिक पदो के लिए आवेदन हेतु आवेदक को अलग—अलग आवेदन के साथ निर्धारित परीक्षा शुल्क सहित आवेदन करना अनिवार्य होगा।

7 विज्ञापित अर्हत्ता, योग्यता के अनुरूप समिति द्वारा Shortlisted अभ्यर्थियों को आगे की चयन प्रक्रिया में सम्मिलित किया जायेगा।

8 नियुक्ति प्रक्रिया में संबंधित जिला स्वास्थ्य समिति का निर्णय अंतिम एवं बाध्यकारी होगा।

9 संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों को राज्य संरकार द्वारा निर्धारित मानदेय का भुगतान किया जाएगा। इसके अतिरिक्त इन्हें राज्य संरकार द्वारा प्रदत स्थायी सेवकों को सुविधा/भत्ता के अनुरूप कोई सुविधा/भत्ता अनुमान्य नहीं होगा।

10 जिला चयन समिति द्वारा आवश्यकतानुसार विज्ञापन की शर्तो में संशोधन/रद्व भी किया जा सकता है।

11 जिला चयन समिति पूर्वी सिंहभूम मेधा सूची को अन्तिम रूप से अनुमोदित करेगी।

12 नियुक्ति के संबंध में व्यक्तिगत पत्राचार/सम्पर्क मान्य नहीं होगा।

13 संविदा के आधार पर चयनित अभ्यर्थियों के द्वारा सेवा स्थायीकरण का दावा भविष्य में नहीं किया जाएगा।

14 दिव्यांग अभ्यर्थियों को सरकार के द्वारा निर्धारित माप दण्ड के अनुसार नियुक्ति में छुट प्रदान की जाएगी।

15 नियुक्ति से संबंधित किसी भी प्रकार का विवाद उत्पन्न होने की स्थिति में न्यायिक क्षेत्र जमशेदपुर ही होगा।

12-11-21

4 **चयन की प्रक्रिया :**

**चयन की प्रक्रिया निम्नानुसार निर्धारित की जाती है :–**

1 अभ्यर्थियों का चयन लिखित परीक्षाओं के प्राप्तांक एवं शैक्षणिक योग्यताओं में प्राप्त प्राप्तांक के आधार पर किया जायेगा।

2 यदि कौशल परीक्षा (Skill Test) की आवश्यकता हो तो वैसे परिस्थिति में उक्त दक्षता परीक्षा मात्र अर्हक (Qualifying Nature) होगा।

3 सभी उम्मीदवार निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट के द्वारा ही आवेदन पत्र भेजना सुनिश्चित करेंगें हाथों हाथ आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा।

4 संविदा के आधार पर नियुक्ति हेतु प्राप्त आवेदन को जिला चयन समिति के द्वारा पदवार निर्धारित अर्हता के आलोक में Scrutiny के पश्चात सभी अभ्यर्थियों से आपत्ती आवेदन की माँग की जाएगी। आपत्ती आवेदन के साथ किसी तरह का प्रमाण पत्र दोबारा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

5 अंतिम रूप से तैयार की गयी मेधा सूची, सिविल सर्जन/ उपायुक्त के कार्यालय के सूचना पट्ट तथा पूर्वी सिंहभूम जिला के वेबसाईट jamshedpur.nic.in पर प्रकाशित की जायगी।

6 उम्मीदवारों को चयन संबंधी सूची दो भागों में तैयार की जायेगी। भाग ए में पद का नाम, रोस्टर बिन्दु, रिक्त, सुयोग्य अभ्यर्थियों के नाम, प्राप्तांक एवं योग्यता क्रमांक होगा। द्वितीय भाग –बी प्रतीक्षा सूची के रूप में मानी जायेगी। प्रतीक्षा सूची प्रकाशन के तिथि से एक वर्ष के लिए मान्य होगा। यह सूची भी मेधा क्रमानुसार कोटिवार तैयार होगी एवं उतने ही अभ्यर्थियों की बनेगी। जितने पद उक्त कोटि के लिए अनुमान्य होगी। भाग – ए सूची से चयनित उम्मीदवारों में से मेधा क्रम से उम्मीदवार का चयन स्वतः कर लिया जायेगा। चयनित को निबंधित डाक से सूचना दी जायेगी।

7 चयनित उम्मीदवार को योगदान के समय किसी फौजदारी मुकदमें में दण्डित नही होने के आशय का शपथ पत्र तथा सिविल सर्जन से निर्गत स्वास्थ्य प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा।

5 **आवेदन की प्रक्रिया :–**

1 आवेदन समर्पित करने की अंतिम तिथि दिनांक 27.11.2021 है। आवेदन पत्र निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट के द्वारा असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, जमशेदपुर के पते पर कार्यालय में भेजा जाना है। अभ्यर्थी जो आवेदन निबंधित डाक/स्पीड पोस्ट से भेजेंगे उस आवेदन निबंधित डाक/ स्पीड पोस्ट से भेजे जाने वाले आवेदन तथा उसके साथ संलग्न सभी प्रमाण पत्रों/कागजातों का एक साथ PDF File बना कर जिले के ई–मेल nhmrecruit.jsr@gmail.com में निश्चित रूप से भेजना सुनिश्चित करेंगे, ताकि Scrutiny के समय कागजातों का मिलान सुगमता पूर्वक किया जा सके अन्यथा अभ्यर्थी का आवेदन रद्द भी किया जा सकता है। लिफाफे के ऊपर स्पष्ट रूप से निम्न सूचनाएँ अंकित करना अनिवार्य होगा विज्ञापन संख्या एवं पद का नाम तथा लिफाफे के उपर अंकित पद का नाम एवं आवेदन में अंकित पद का नाम अलग अलग रहने पर आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जाएगा :–

2 उपरोक्त योग्यता सह अर्हता रखने वाले उम्मीदवारों से निम्नांकित विहित प्रपत्र में आवश्यक सभी शैक्षणिक एवं तकनिकी योग्यता के अंक पत्रों, शैक्षणिक एवं तकनिकी योग्यता के प्रमाण पत्रों, अनुभव प्रमाण पत्रों की स्वःअभिप्रमाणित प्रति एवं आरक्षण के दावा हेतु सक्षम पदाधिकारी द्वारा निर्गत आवासीय प्रमाण पत्र (online), जाति प्रमाण पत्र (online) जन्म तिथि से संबंधित मैट्रिकुलेशन प्रमाण पत्र, कम्प्युटर दक्षता का प्रमाण पत्र (अगर अनुमान्य हो तो) तथा आवेदन पत्र के साथ स्व अभिप्रमाणित दो पासपोर्ट साईज का फोटो एवं निर्धारित शुल्क के साथ दिनांक 27.11.2021 को 05.00 बजे अपराहन् तक भेजना अति आवश्यक है।

3 दिनांक 27.11.2021 के 05.00 बजे अपराहन तक Speed Post/Registred Post के द्वारा आवेदन प्राप्त नही होने की स्थिति में आवेदन स्वीकार नही किया जाएगा।

4 किसी अन्य कार्यालय में आवेदन जमा करने पर उनका आवेदन को अस्वीकृत कर दिया जायेगा।

5 सभी संलग्न प्रमाण पत्रों में अभ्यर्थी द्वारा पूर्ण हस्ताक्षर कर स्वअभिप्रमाणित कर जमा करना हागा।

6 जो अभ्यर्थी शैक्षणिक योग्यता के लिए CGPA स्कोर–कार्ड प्रस्तुत कर रहे है, वे मार्कशीट के साथ–साथ CGPA रूपान्तरण चार्ट (Conversion Chart) भी प्रस्तुत करेंगे।

7 आवेदन शुल्क–आवेदन हेतु प्रत्येक पद के लिए सामान्य कोटि/अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (BC-1)/पिछड़ा वर्ग (BC-2) के आवेदकों को 500/– रू0 अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति के आवेदकों के लिए 300/– रू0 का डिमाण्ड ड्राफ्ट आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना अनिवार्य होगा। ड्राफ्ट का भुगतान जिला ग्रामीण स्वास्थ्य समिति, पूर्वी सिंहभूम के नाम से भुगतेय होगा।

12-11-21

**सिविल सर्जन**

**पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।**

# असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,
# पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।

विज्ञापन संख्या :—02 / 2021

विज्ञापन तिथि :—12.11.2021

**Educational Qualification and Remuneration per month of vacant position for East Singhbhum District**

| S.No. | Programme | Name of Post | Essential Qualification | Honorarium per Month |
|---|---|---|---|---|
| 1 | RCH | ANMs | 1. 10+2 or equivalent examination & should have completed ANM Course from Institution Recognised by Govt. and Aproved by INC.<br>2. Registered Under Jharkhand Nursing Council. | 12039/- |

Anup
12-11-21

# जिला स्वास्थ्य समिति, पूर्वी सिंहभूम में NHM अन्तर्गत संविदा पर नियुक्ति हेतु

## आवेदन प्रपत्र

सेवा में

असैनिक शल्य चिकित्सक सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी
*पूर्वी सिंहभूम, जमशेदपुर।*

स्वः अभिप्रमाणित हाल का पार्सपोर्ट साईज फोटो

विज्ञापन संख्या : ..............................

1 पद का नाम : ..................................................

2 आवेदक का नाम : ..........................................................

3 पिता/पति का नाम : ..........................................................

4 जन्म तिथि : .................................... पुरूष/महिला :.....................

5 उम्र (01.11.2021 को) : वर्ष.......................महीना...............................दिन...................................

6 मोबाईल नं0 : .......................................ई0मेल .........................................................

7 स्थायी पता पिन कोड सहित : .....................................................................................
.....................................................................................

8 पत्राचार का पता पिन कोड सहित : .....................................................................................
.....................................................................................

9 जाति (online) (सामान्य/पिछड़ा वर्ग (BC2)/ अत्यन्त पिछड़ा वर्ग (BC1)/ अनुसूचित जनजाति/ अनुसूचित जाति ............................. (आरक्षण के लाभ हेतु सक्षम पदाधिकारी के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

10 आवासिय प्रमाण पत्र (online) : हाँ/ना

11 **शैक्षणिक एवं प्रशैक्षणिक योग्यता :**
क. क्रमशः उच्चतम योग्यता से शुरू करते हुए न्यनतम दसवीं तक की योग्यता अंकित करें।
ख. सारे योग्यताओं के स्वअभिप्रमाणित प्रमाण पत्र एवं अंक पत्र अवश्य संलग्न करें।

| परीक्षा का नाम | बोर्ड/ विश्वविद्यालय का नाम | कुल अंक | प्राप्त अंक | प्राप्तांक का प्रतिशत |
|---|---|---|---|---|
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |
| | | | | |

वैसे अभ्यर्थी जिन्हें CGPA स्कोर प्राप्त है उन्हे संबधित संस्थान का CGPA Chart प्रस्तुत करते हुए प्राप्तांक का प्रतिशत अंकित करेंगे।

Ashe
12-11-4

12 **कार्य अनुभव (यदि कोई हो तो) :**

क. वर्तमान में किए जा रहे कार्य अनुभव से शुरूआत करते हुए सभी कार्य अनुभवों को दर्ज करें।

ख. स्वयं सेवक (Volunteer) के रूप में किया गया कार्य अनुभव मान्य नही होगा।

ग. सरकारी संस्था एवं सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान में किए गये कार्य के अनुभवकी स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

घ. सारे कार्य अनुभवों की स्वअभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें।

| पद का नाम | संस्थान का नाम | अनुभव (तिथि/अवधि अंकित करें) | |
|---|---|---|---|
| | | कब से कब तक | अवधि |
| | | | |
| | | | |
| | | | |

13 शारीरिक रूप से विकलांग (हॉ/ना) प्रकार :................................................ प्रतिशत : ......................

(सक्षम पदाधिकारी के द्वारा निर्गत प्रमाण पत्र संलग्न करें।)

14 परीक्षा शुल्क की विवरणी

| DD No. | Date of Issue | Drawn From Bank & Branch |
|---|---|---|
| | | |

15 संलग्न प्रमाण पत्रों की विवरणी

| क्रम संख्या | प्रमाण पत्रों की विवरणी | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |
| | | |

उपरोक्त सभी सूचनाऍ मेरी जानकारी में सही है कोई भी गलत सूचनाऍ पाये जाने पर मेरी उम्मीदवारी रद्द की जा सकती है।

अभ्यर्थी का पूर्ण हस्ताक्षर

तिथि :

Anup
12-11-7